# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

क्रमांक / 04 / संपदा–24–।।/ 2023 रायपुर, दिनांक 29 / 09 / 2023

## –: फोटो कॉपी मशीन के क्रय हेतु निविदा :–

छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय के उपयोगार्थ, **'वापसी क्रय' (Buy Back)** के तहत 03 हैवी ड्यूटी (50 CPM) फोटोकॉपी मशीन के क्रय हेतु प्रतिष्ठित संस्थानों से सोमवार, दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को सायं 04.00 बजे तक दर प्रस्ताव आमंत्रित हैं । निविदा की विस्तृत शर्तें / जानकारियॉ, प्रत्येक कार्यालयीन दिवस में, पूर्वान्ह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक, इस सचिवालय की **''संपदा शाखा' (कक्ष क्रमांक बी–7)** से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही जानकारी इस सचिवालय के वेबसाईट www.cgvidhansabha.gov.in पर भी उपलब्ध हैं ।

सचिव

छत्तीसगढ़ विधान सभा

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

29/09/2023

## फोटोकॉपी मशीनों के कय हेतु प्रकाशित निविदा कमांक.04.दिनांक.....की शर्तें / जानकारियॉं

1. प्रस्तावित मशीनों का कय 'वापसी कय' (Buy Back) के तहत होगा, अर्थात सचिवालय द्वारा निर्धारित मशीनों को कय करते हुए, नवीन मशीनों के विकय हेतु आपके द्वारा दर प्रस्ताव दिया जाना होगा। । आपके द्वारा प्रस्तावित दरों में समस्त कर सम्मिलित होंगे एवं दरों की वैधता हेतु तिथि का भी उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा ।

2. दर प्रस्ताव एवं एफ.डी. युक्त अमानत राशि एफ.डी. के लिफाफे पृथक–पृथक करते हुए, अर्थात दो लिफाफे में जमा करना होगा ।

3. निविदा प्रस्ताव, जीरों पांईट, विधान नगर, बलोदाबाजार रोड में स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय के ''संपदा शाखा – कक्ष कमांक बी–07 में 'वित्तीय समिति अधिकारी'' को सोमवार, दिनांक 30 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक जमा किये जा सकेंगे एवं इस निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाएं अमान्य होंगी ।

4. निविदा, 03 फोटोकॉपीयर के कय हेतु है, किन्तु मशीनों की संख्या कम या ज्यादा भी हो सकती हैं ।

कमश : 2 / -----

5. मुहरबंद निविदा के साथ अमानत राशि रूपये 50,000.00 (अक्षरी रूपये पचास हजार मात्र) की एफ.डी. जो किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा, रायपुर के नाम से जारी हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आपके द्वारा प्रस्तुत दर प्रस्ताव अमान्य होगी । निविदा में चयनित फर्म की एफ.डी. गारंटी/वारंटी अवधि के प्रश्चात वापसी योग्य होगी ।

6. निर्धारित पुरानी फोटो कॉपी मशीनों को आपके द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, जीरों पाईट, विधान नगर, में किसी भी कार्यालयीन दिवस में पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.30 बजे तक ''जहॉ है जैसी हैं'' की स्थिति में देखा जा सकता है।

7. निविदाकर्ता D.G.S. & D/C.S.I.D.C की दरें, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें ।

8. निविदाकर्ता को प्रस्तावित फोटोकॉपी मशीनों का ब्रोशर भी संलग्न करना अनिवार्य होगा । मशीन का न्यूनतम रिशोल्यूवेशन 600 DPI जूम 25–400, मेमोरी साईज 64 एम.बी. ट्रे–2, बॉयपास, कम्प्यूटर कनेक्टिविटी, ड्यूप्लेक्स सुविधा, ऑटोमेटिक डाक्यूमेंट फीडर एवं स्केनिंग की सुविधा होनी आवश्यक होगी ।

9. आपके द्वारा विक्रय की गई फोटोकॉपी मशीनों की वांरटी अवधि के समाप्त के पश्चात् एक अनुबंध के तहत वार्षिक रख–रखाव (AMC) भी किया जाना अनिवार्य होगा जिस हेतु दर (समस्त कर सहित) 40 पैसे प्रति कॉपी की दर से मशीनों के जीवन काल तक देय होगा ।

10. मशीनो की गांरटी/वारंटी अवधि का स्पष्ट उल्लेख किया जाना होगा ।

क्रमश : 3/-----

11. निविदाकार का वाणिज्य कर पंजीयन अनिवार्य होगा एवं तत्सबंधी दस्तवेज निविदा के साथ प्रस्तुत करें ।

12. निविदकर्ता को वित्त वर्ष 2021–22, 2022–23, एवं 2023–24 हेतु आयकर गणना पत्र की छायाप्रति (स्वप्रमाणित) संलग्न करना होगा ।

13. निविदाकार को फर्म के ''अधिकृत विक्रेता'' होने संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति (स्वप्रमाणित) संलग्न करना होगा।

14. सचिवालय द्वारा ''क्रय आदेश'' दिये जाने के अधिकतम 15 दिनों की अवधि में आपको स्वयं के व्यय एवं व्यवस्था से, फोटोकॉपी मशीनों की आपूर्ति, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय के कार्यालय में करते हुए निर्धारित स्थानों में प्रतिष्ठिापित की जानी होगी ।

15. आदेशित मशीनों के तय मापदण्ड एवं गुणवत्ता एवं निर्धारित समयवधि में प्रदाय न किये जाने की स्थिति में आपके द्वारा जमा की गई अमानत राशि राजसात होगी।

16. किन्हीं परिस्थितियों में आवश्यक हो तो बिना किसी सूचना के निविदा को आमन्य किये जाने का अधिकार सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा को होगा ।

17. किसी विवाद की स्थिति में सम्पूर्ण अधिकार माननीय अध्यक्ष छत्तीसढ़ विधानसभा के पास सुरक्षित होगा एवं उनका निर्णय अतिंम होगा।

18. उपरोक्त समस्त शर्तों की स्वीकारोक्ति में निविदाकार को इस पर हस्ताक्षरकर करते हुए दर प्रस्तावों के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक होगा ।

---0---

# दर प्रस्ताव प्रपत्र

| क्र. | विवरण | प्रस्तावित दरें /अन्य विवरण इत्यादि |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम एवं पता | |
| 2. | संबंधित प्रोपाईटर का लैण्डलाईन, मोबाईल एवं ई–मेल / फेक्स नम्बरर्स | |
| 3. | सचिवालय स्थित फोटोकॉपी मशीनों का मशीन वार प्रस्तावित बायबेक कीमत<br><br>1.<br><br>2.<br><br>3. | <br><br>रू<br><br>रू.<br><br>रू. |
| 4. | प्रदाय की जाने वाली नवीन मशीन का मूल्य (समस्त कर सहित) | रू. |
| 5 | मशीन का मॉडल, मेक आदि की जानकारी | |
| 6 | मशीन में उपलब्ध समस्त सुविधाओं का विवरण अर्थात मेमेरी, प्रतिमिनिट गति, डुप्लेक्स, रिसोल्यूशन, जूम, कम्प्यूटर कनेक्टिविटी, पेपर ट्रे, स्केनिंग, ए.डी.एफ. एवं अन्य भी कोई और उपलब्ध सुविधाओं का पृथक–पृथक एवं स्पष्ट जानकारी देवें । | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 7 | संलग्न अमानत राशि के डी.डी. इत्यादि का विवरण । | |
| 8 | अयकार से संबंधित तीन वर्षों के दस्तावेंजो का विवरण । | |
| 9 | अधिकृत विकेता होने से संबंधित दस्तवेज का विवरण । | |
| 10 | वाणिज्यकर से जारी पंजीयन संबंधी दस्तावेज का विवरण । | |
| 11 | मशीन के प्रदाय एवं उनके रखरखाव हेतु अन्य कोई सुविधाएं जो आप इस संस्थान को देना चाहते हों का विवरण। | |